भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4101

जिसका उत्तर 12 दिसंबर, 2019 को दिया जाना है।

.....

बाढ़ से बचाव

4101. डॉ. संघमित्रा मौर्य:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बदायूं को बाढ़ के समय बचाव कार्य करने के बजाय वर्षा से पहले गंगा नदी के तट को पत्थर बिछाकर, लोगों की जान बचाने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) और (ख) राज्य के भीतर, प्राथमिकता के आधार पर संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अपने स्वयं के संसाधनों द्वारा बाढ़ प्रबंधन योजनओं को निर्मित और कार्यान्वित किया जाता है। संकटग्रस्त क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंधन के लिए तकनीकी दिशानिर्देशों और संवर्धनात्मक वित्तीय सहायता प्रदान करके केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों के प्रयासों की सहायता कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने यह सूचित किया है कि बदायूं जिले की सुरक्षा के लिए गंगा नदी के बांए किनारे पर 91 कि.मी. की कुल लंबाई के 6 तटबंधों का निर्माण किया गया है और इनका रखरखाव राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। इन संरचनाओं के निर्माण और अन्य अपरदन विरोधी निर्माण कार्यों के रखरखाव के लिए विभिन्न सामग्रियों जैसे पत्थर, जियो-ट्यूब, जियो-बैग, प्रौक्यूपाइनों आदि का प्रयोग किया जाता है।

******